राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र को सांसद श्रीमती दीया कुमारी ने दी नव वर्ष की बधाई

जयपुर, 01 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से नव वर्ष के अवसर पर शनिवार को यहां राजभवन में सांसद श्रीमती दीया कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शिष्टाचार मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने भी आगन्तुकों को नव वर्ष की बधाई देते हुए उनकी सुख समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की कामना की।

—

वैष्णो देवी मंदिर दुखान्तिका पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 01 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जम्मू—कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी माता मंदिर में हुए दुःखद हादसे में मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवंगतों की आत्मा की शांति तथा उनके परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भी ईश्वर से कामना की है।

———